# न्यायालय जिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट, श्रीगंगानगर

**विविध बैंक प्रकरण संख्या 123/2024(GCMS : 2024/175)**

**ए यू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड** (पूर्व में ए यू फाईनेंसर्स इण्डिया लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) शाखा कार्यालय 4–ई–8–जवाहर नगर, प्रथम तल, मीरा चौक रोड़, नजदीक गौड़ हॉस्पीटल, श्रीगंगानगर जरिये अधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता पोर्टफोलियो कलैक्शन मैनेजर मनोज कुमार पुत्र श्री महावीर प्रसाद

**बनाम**

1. **रतन लाल** पुत्र श्री राम प्रताप निवासी मनफूलसिंहवाला, वार्ड नं. 2, 18 एल. एन.पी., जिला श्रीगंगानगर, पिन–335025
2. **राम प्रताप** पुत्र श्री रामजीलाल निवासी मनफूलसिंहवाला, वार्ड नं. 2, 18 एल. एन.पी., जिला श्रीगंगानगर, पिन–335025

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

08.10.2024

**पत्रावली पेश हुई।** प्रार्थी बैंक/कम्पनी ने जरिये अधिवक्ता श्री सुरेन्द्र कुमार मेहन्दीरता ने एक प्रार्थना पत्र वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 के अन्तर्गत प्रस्तुत किया है कि प्रार्थी बैंक/कम्पनी द्वारा अप्रार्थीगण रतन लाल एवं राम प्रताप को ऋण सुविधा के रूप में 5.00/– लाख रूपये ऋण राशि की स्वीकृति दिनांक 30.12.2019 को जारी की गई थी। अप्रार्थीगण के खाते में दिनांक 12.04.2024 को 3,63,073/–रूपये की राशि बकाया थी। ऋण की सुरक्षा की एवज में **अप्रार्थी रामप्रताप द्वारा बंधक रखी अपनी अचल सम्पत्ति आबादी भूमि का विक्रय विलेख/पट्टा क्रम संख्या 29, चक मनफूलसिंहवाला, पंचायत समिति सादुलशहर श्रीगंगानगर (क्षेत्रफल 33 गुणा 47 फीट(1551 सक्वायर फीट)),** का भौतिक कब्जा प्रार्थी बैंक को पुलिस की सहायता से दिलाया जाने की प्रार्थना की है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Manju
Date: 2024.11.26 17:35:35 IST
Reason: SelfAttested

**मैने, पत्रावली में उपलब्ध ... की धारा 14,** शपथ पत्र एवं अन्य उपलब्ध दस्तावेजात का भी अवलोकन किया तो पाया कि उक्त प्रार्थी ... के अनुसार प्रार्थी बैंक ने **अप्रार्थीगण रतन लाल एवं राम प्रताप** को ऋण सुविधा के

जिला मजिस्ट्रेट
श्रीगंगानगर

रूप में 5.00/—लाख रूपये **(अखये रूपये पांच लाख मात्र) की स्वीकृति दिनांक 30.12.2019 को प्रदान की गयी और** ऋण की सुरक्षा की एवज में अप्रार्थी राम प्रताप ने अपनी अचल सम्पत्ति **आबादी भूमि का विक्रय विलेख/पट्टा क्रम संख्या 29, चक मनफूलसिंहवाला, पंचायत समिति सादुलशहर श्रीगंगानगर (क्षेत्रफल 33 गुणा 47 फीट(1551 सक्वायर फीट)),** प्रार्थी बैंक के पास रहन रखी। प्रार्थी बैंक के प्रार्थना धारा 14 एवं उसके समर्थन में प्रस्तुत दस्तावेजात एवं शपथ पत्र के अनुसार अप्रार्थी ऋणी का खाता दिनांक 09.04.2024 को अनर्जक परिसम्पत्ति (एन.पी.ए.) हो गया। बैंक द्वारा अप्रार्थी ऋणियों को धारा 13(2) के नोटिस रजिस्टर्ड डाक से भिजवाये गये थे, रजिस्टर्ड डाक से धारा 13(2) के नोटिस भिजवाने की रसीद एवं प्राप्ति के ऑनलाईन ट्रैक भी पत्रावली में उपलब्ध है, जिसके अनुसार अप्रार्थीगण को धारा 13(2) के नोटिस के प्राप्त हो गये है।

**वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 के अन्तर्गत प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई करने के लिए विवादग्रस्त सम्पत्ति जिसका भौतिक कब्जा चाहा जा रहा है वह सम्बन्धित जिला मजिस्ट्रेट के क्षेत्राधिकार में होना आवश्यक है और दूसरा सम्बन्धित ऋणियों पर धारा 13(2) के नोटिस की तामील ऋणियों/जमानतदारों पर विधिवत् रूप से होनी आवश्यक है।**

**जहां तक ऋण की एवज में अप्रार्थी राम प्रताप की अचल सम्पत्ति आबादी भूमि का विक्रय विलेख/पट्टा क्रम संख्या 29, चक मनफूलसिंहवाला, पंचायत समिति सादुलशहर श्रीगंगानगर (क्षेत्रफल 33 गुणा 47 फीट(1551 सक्वायर फीट)),** जो प्रार्थी बैंक के पास बंधक रखी हुई है, का संबध है, वह निम्न हस्ताक्षरकर्ता के क्षेत्राधिकार जिला श्रीगंगानगर में स्थित है। इसलिए वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 के तहत निम्न हस्ताक्षरकर्त्ता कार्रवाई करने के लिए सक्षम है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Manju
Date: 2024.11.26 17:35:35 IST
Reason: SelfAttested

Manju
जिला मजिस्ट्रेट
श्रीगंगानगर

**जहां तक अप्रार्थी ऋणी पर धारा 13(2) के जारी** नोटिस 15.04.2024 की तामील का प्रश्न है। प्रार्थना पत्र के अनुसार बैंक द्वारा दिनांक 15.04.2024 को 60 दिवस में राशि जमा करवाने का धारा 13(2) का अप्रार्थीगण के नाम जारी रजिस्टर्ड नोटिस प्राप्त हो चुके है, परिणामस्वरूप नोटिस प्राप्ति के ऑनलाईन ट्रैक पत्रावली में उपलब्ध है। **जिसके** अनुसार अप्रार्थीगण को धारा 13(2) के नोटिस की तामील होना माना जाना उचित है। **इसके बाबजूद भी अप्रार्थीगण ने बैंक** की समस्त बकाया राशि जमा नही करवाई है और न ही नोटिस पर कोई आपत्ति या अभ्यावेदन प्रस्तुत किया। इसलिए ऋण की सुरक्षा की एवज में ऋणी राम प्रताप द्वारा बंधक रखी गई उक्त सम्पत्ति का भौतिक कब्जा प्रार्थी बैंक को दिलाया जाना उचित होगा।

**अतः उक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी ए यू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड का उक्त प्रार्थना पत्र** वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत धारा 14 **स्वीकार किया जाता है** और अप्रार्थी ऋणी **राम प्रताप द्वारा प्रार्थी बैंक/कम्पनी से प्राप्त ऋण की सुरक्षा की एवज में बंधक रखी गई अचल सम्पत्ति आबादी भूमि का विक्रय विलेख/पट्टा क्रम संख्या 29, चक मनफूलसिंहवाला, पंचायत समिति सादुलशहर श्रीगंगानगर (क्षेत्रफल 33 गुणा 47 फीट(1551 सक्वायर फीट)), का भौतिक कब्जा जरिये पुलिस की सहायता से प्रार्थी बैंक/कम्पनी को दिलाये जाने के आदेश दिये जाते है।** इस आदेश की प्रति जिला पुलिस अधीक्षक श्रीगंगानगर को इस आदेश के साथ अग्रेषित की जाती है कि प्रार्थी बैंक/कम्पनी को उक्त अचल सम्पत्ति का भौतिक कब्जा दिलाने हेतु उनके चाहे अनुसार, नियमानुसार पुलिस सहायता उपलब्ध करवाई जावें। सहायता उपलब्ध करवाने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जावे कि उक्त बंधक रखी गई सम्पत्ति किसी भी न्यायालय में विवादित अथवा स्थगन से प्रभावित तो नहीं है। आदेश की प्रति प्रार्थी बैंक व जिला पुलिस अधीक्षक श्रीगंगानगर को प्रति भिजवाई जावे। पत्रावली बाद तरतीब तकमील दाखिल दफ्तर हो।

**यह आदेश आज दिनांक 08.10.2024 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।**

Signature Not Verified
Digitally signed by Manju
Date: 2024.11.26 17:35:35 IST
Reason: SelfAttested

(डॉ. मन्जू)

जिला मजिस्ट्रेट
श्रीगंगानगर